





# हरिभूमि धमतरी भूमि

रायपुर, सोमवार 25 मार्च 2024

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड







## होलिका दहन पर रविवार को विधि विधान से पूजा अर्चना...







धमतरी। पुरानी कृषि उपज मंडी के पीछे, मठ मंदिर चौक एवं कृदत्त कालोनी गोकुलपुर में होलिका दहन के पूर्व श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से होलिका-भक्त प्रहलाद की पूजा अर्चना की। हरिभूमि फोटो

## खबर संक्षेप

### होलिका दहन शुभ मुहूर्त में करने पर फलदायी : पं. त्रिपाठी



**धमतरी**। ज्योतिषी पं. शिवप्रसाद त्रिपाठी ने बताया कि होलिका दहन शुभ मुहूर्त में करने से शास्त्र सम्मत वातावरण एवं प्रकृति पर शुभ प्रभाव पड़ता है। इस वर्ष रविवार को रात्रि 10.27 बजे तक भद्रा का साया रहने की वजह से 10.28 बजे के बाद होलिका दहन किया गया। उन्होंने बताया कि इस वर्ष पूर्णिमा तिथि 24 मार्च दिन 10.24 से 25 मार्च दिन 11.04 बजे तक है। होलिका दहन का कृत्य फाल्गुन शुक्ल पूर्णिमा में होना शुभ है। इसका मुख्य संबंध होली के दहन से है। होलिका व्रत वाले होली का ज्वाला देखकर भोजन करते हैं। उनका कहना है कि सर्वार्थ सिद्धि, अमृत सिद्धि रवि योग है।

### शुभ मुहूर्त पर जली होलिका, रंग-गुलाल, धुलेड़ी का रहेगा माहौल

# गांव-शहर में छाई होली की रौनकता

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

हिन्दुओं का प्रमुख त्योहार होली की शुरूआत रविवार से हो चुकी है। होलिका दहन के बाद धुलेड़ी सोमवार को मनेगी। लोगों ने विधि-विधान से होलिका की पूजा की। यह दिन बुरी शक्तियों पर विजय का प्रतीक है।

होलिका की पूजा करने पहुंची श्रद्धा, विमला, आशा, सुनैना आदि ने बताया कि होलिका दहन के एक दिन पहले होलिका की पूजा की। गाय के गोबर से होलिका और प्रहलाद की प्रतिमा बनाई। धार्मिक दृष्टिकोण से गाय में 33 कोटि देवी-देवताओ का वास होता है इसलिए इसकी पूजा करने का विधान है।



गाय के साथ गोबर, गोमूत्र, दूध को पवित्र माना गया है। गोबर के उपले का हार बनाकर होलिका को समर्पित किया। इसके बाद दूध, दही, गोमूत्र, गंगा जल, 56 भोग लगाकर सुख, समृद्धि के लिए पूजा की। इसके बाद होलिका की परिक्रमा कर मौली धागा बांधा।

### गोबर के उपले सर्वश्रेष्ठ

पं. सूरज प्रसाद तिवारी ने बताया कि ऐसी मान्यता है कि गाय के गोबर से बने उपले को होलिका में जलाने से उससे निकलने वाला धुआं सभी नकारात्मक शक्तियों को दूर भगाने में मदद करता है। गाय के गोबर को शास्त्रों में पवित्र माना गया है। इसी वजह से इसका इस्तेमाल कई धार्मिक अनुष्ठानों में किया जाता है। होलिका दहन में मुख्य रूप से गोबर के उपले, सरिया, बड़कुल्ले आदि जलाये जाते हैं। इसकी माला को होलिका की अग्नि में जलाया जाता है। ऐसा माना जाता है कि इसे जलाने से सभी परेशानियां दूर होती हैं।

### चन्द्रग्रहण अमान्य

ज्योतिष पं. राजकुमार तिवारी ने बताया कि होलिका दहन के लिए सर्वश्रेष्ठ मुहूर्त रविवार की रात्रि 11:14 बजे से रात्रि 12:20 तक रहा जिस पर लोगों ने होलिका दहन किया। भारत देश में चन्द्रग्रहण अमान्य है। यहां यह अदृश्य है इसलिए भारत में ग्रहण का कोई प्रभाव नहीं रहेगा।

### दिनभर हुई होलिका की पूजा-अर्चना

शहर में 100 से अधिक स्थानों पर होलिका ने अपना आकार ले लिया है। होलिका दहन के पूर्व रविवार को सुबह से होलिका की पूजा- अर्चना शुरू हो गई। लकड़ी, उपला, कंडा चढ़ाकर, रंग-गुलाल, अगरबत्ती से पूजा पाठ किया गया। पुरानी कृषि उपज मंडी के पीछे होलिका की पूजा करने पहुंची नवल अग्रवाल, महेश महावर, योगेश महावर, आशीष अग्रवाल, कमल अग्रवाल परिवार की महिलाओं ने बताया कि पिछले 50 साल से यहां होली का पर्व परंपरानुसार मनाते आ रहे हैं। इस साल होलिका जलाने का मुहूर्त रात्रि 11:14 बजे के बाद रहा। पंडित द्वारा विधि विधानपूर्वक पूजा कर होलिका जलाई गई। शहर के विभिन्न स्थानों में रात 8 बजे के बाद होली जलाने का सिलसिला शुरू हो गया था। हाऊसिंग बोर्ड हटकेशर निवासी नेतम देवांगन ने बताया कि होलिका दहन बड़े गार्डन में शुभ मुहूर्त में किया गया। इसी तरह मठ मंदिर चौक में स्थित होलिका स्थल में रात्रि 11:13 मिनट में शुभ मुहुर्त पर मठ मंदिर के महंत हनुवंश वैष्णव व गणेश मंदिर के पुजारी पं. होमन प्रसाद शास्त्री द्वारा होलिका दहन संपन्न कराया गया।

# स्टे लगने के बाद भी मूर्ति स्थापना का प्रयास

सोरम सरपंच ने संख्या बल का दुरुपयोग करने का लगाया आरोप



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ग्राम पंचायत सोरम की सरपंच श्रीमती नंदनी साहू ने एक समुदाय द्वारा प्रशासनिक नियम कानून नहीं मानने की शिकायत कलेक्टर से की है।

कलेक्टर के नाम दिए गए ज्ञापन में सरपंच ने कहा है कि गांव का एक समुदाय अपने संख्या बल का दुरूपयोग करते हुए कुलदेवी मावली माता मंदिर परिसर पर अतिक्रमण कर सामाजिक मंदिर बलपूर्वक बनाया है। ग्राम पंचायत की आपत्ति पर तहसीलदार ने अवैध अतिक्रमण का प्रकरण दर्ज कर निर्माण कार्य में स्टे लगाया है। स्टे लगने के बाद भी उक्त समाज ने 5 अप्रैल को सामाजिक कार्यक्रम की आड़ में आधे अधूरे मंदिर में मूर्ति स्थापना करने की तैयारी में है। सरपंच ने स्टे आर्डर के खिलाफ साजिश कर मूर्ति स्थापना पर रोक लगाने की मांग की है।

## होली का असर : जिला अस्पताल के अधिकांश बेड हो गए खाली

# होली त्योहार मनाने डिस्चार्ज कराकर घर लौट रहे मरीज





हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिला अस्पताल में भर्ती मरीज होली त्योहार मनाने डिस्चार्ज कराकर घर लौट रहे हैं। पर्व के कारण अस्पताल के अधिकांश बेड खाली हो गए हैं।

जिला चिकित्सालय हमेशा मरीजों से हाउसफुल रहता है। इस अस्पताल में जिले व आसपास के मरीज उपचार के लिए पहुंचते हैं। यहां की ओपीडी लगभग 4 से 5 सौ रहती है। अस्पताल के वार्डों में भर्ती होने वाले मरीजों के लिए बिस्तर कम पड़ जाता है, लेकिन होली त्योहार को लेकर भर्ती मरीज डिस्चार्ज कराकर घर लौट रहे हैं। छुट्टी कराने वालों में अधिकांश सामान्य बीमारी के मरीज हैं। त्योहार के एक दिन पूर्व रविवार को अस्पताल के तीनों वार्ड में भर्ती अधिकांश मरीजों ने डिस्चार्ज ले लिया था।

रविवार की सुबह तक पुरूष वार्ड में 28 मरीज भर्ती थे। इनमें से लगभग सभी मरीजों ने त्योहार मनाने घर जाने डिस्चार्ज करा लिया। इसी तरह महिला वार्ड में 24 मरीज एडमिट थी, जिसमें 10 से अधिक मरीजों ने छुट्टी करा ली है। वहीं न्यू वार्ड में भर्ती मरीजों के छुट्टी कराने के बाद दो से तीन मरीज ही रह जाएंगे। रविवार की शाम से लेकर सोमवार की सुबह तक वार्डों में भर्ती मरीजों की संख्या और कम हो सकती है।

### इमरजेंसी सेवा रहेगी जारी : सिविल सर्जन

सिविल सर्जन डा. अरूण टोंडर ने बताया कि होली त्योहार को ध्यान में रखते हुए विशेष ड्यूटी रोस्टर बनाया गया है। रविवार को डा. सूर्यवंशी की दिन में ड्यूटी है। डा.राकेश साहू रात्रि में ड्यूटी पर रहेंगे। त्योहार के दिन सोमवार को डा. नसीम व रात्रि में डा. मेहताब तैनात रहेंगे। इसी तरह वार्डों में स्टाफ नर्स की व अस्पताल में वार्ड ब्वाय की तीन शिफ्ट में ड्यूटी लगाई गई है। त्योहार दिवस पर जिला अस्पताल के सभी डाक्टर ऑनकाल रहेंगे। सोमवार को ओपीडी सेवा बंद रहेगी। आपातकालीन सेवा चौबीस घंटे जारी है। मंगलवार से अस्पताल की सेवाएं सुचारू रूप से जारी रहेंगी।

# देवांगन समाज में तेज हुई चुनावी सरगर्मियां

- जिलाध्यक्ष सहित 4 पदाधिकारियों का चुनाव 7 अप्रैल को मतदान प्रकिया से होगा
- जिले के सभी 10 मंडलों में घर-घर पहुंच रहे प्रत्याशी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले में करीब 15 हजार जनसंख्या वाले देवांगन समाज में चुनावी सरगर्मियां तेज हो गई है। जिलाध्यक्ष सहित चार पदाधिकारियों का चुनाव मतदान प्रकिया से होगा। 7 अप्रैल को ग्राम बिजनापुरी के अधिवेशन में 838 मतदाता वोट डालेंगे। अलग-अलग पैनल से 4 पदों के लिए 12 प्रत्याशी मैदान में हैं। देवांगन समाज के सभी 10 मंडलों में प्रत्याशी वोट मांगने घर-घर दस्तक दे रहे हैं।

जिला देवांगन समाज के मुख्य चुनाव अधिकारी रामगोपाल देवांगन से मिली जानकारी के अनुसार जिले में सामाजिक लोगों का 3 हजार से अधिक परिवार है, जिसमें 15 हजार से अधिक जनसंख्या हैं। जिला समाज मंडल में धमतरी, कुरूद, भोथली, अछोटा, सिर्री, भेण्डरी, सिहावा, सुपेला, बिजनापुरी, पोटियाडीह शामिल हैं। 7 अप्रैल को बिजनापुरी मंडल में आयोजित जिला समाज के वार्षिक अधिवेशन में तीन वर्षीय कार्यकाल के लिए जिलाध्यक्ष महिला अध्यक्ष, भवन निर्माण समिति अध्यक्ष, युवा देवांगन समाज अध्यक्ष के लिए मतदान होगा। मतदान का समय सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक रखा गया है।

समाज में चुनावी सरगर्मियां तेज हो गई है। सभी पैनल के प्रत्याशी सभी मंडल में सामाजिक बंधुओं के घर जा-जाकर अपने पक्ष में मतदान करने की अपील कर रहे हैं।







### तीन पैनल में 12 प्रत्याशी

ऋषभ पैनल में अछोटा से जिला अध्यक्ष के लिए प्रत्याशी ऋषभ कुमार देवांगन, महिला संगठन अध्यक्ष के लिए भेण्डरी मंडल की श्रीमती हेमलता देवांगन, युवा देवांगन संगठन अध्यक्ष पद के लिए सुपेला मंडल से गौतम देवांगन, भवन निर्माण समिति अध्यक्ष पद के लिए सोरिद धमतरी मंडल के पुरूषोत्तम देवांगन मैदान में हैं। दिलीप देवांगन पैनल में अछोटा मंडल से दिलीप देवांगन जिलाध्यक्ष पद के लिए, जिला महिला संगठन अध्यक्ष पद के लिए हटकेशर की श्रीमती वीणा देवांगन, जिला देवांगन भवन निर्माण समिति अध्यक्ष पद के लिए टोपेश्वर देवांगन बठेना वार्ड, जिला युवा संगठन अध्यक्ष के लिए कोष्टापारा निवासी देवेन्द्र देवांगन मैदान पर हैं। विनय देवांगन पैनल से सिहावा मंडल निवासी विनय देवांगन जिलाध्यक्ष पद, कुरूद मंडल की श्रीमती वेदिका देवांगन महिला संगठन अध्यक्ष पद, जिला युवा संगठन अध्यक्ष पद के लिए कोष्टापारा निवासी दीपेश देवांगन, भवन निर्माण समिति अध्यक्ष पद के लिए आमापारा निवासी टीकाराम देवांगन प्रत्याशी हैं।

## जोरातराई में चेचक का प्रकोप, ग्रामीणों ने छोटी माता को शांत करने का लिया निर्णय

# न होलिका दहन होगा और न ही होली खेलेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

कुरुद विकासखंड के ग्राम जोरातराई (सिलौटी) में पिछले एक माह से छोटे बच्चों से लेकर 28 वर्ष तक के नौजवान चेचक बीमारी से ग्रसित हैं। ग्रामीणों ने इसे छोटी माता का प्रकोप समझ शांत कराने गांव में इस बार होलिका दहन नहीं करने तथा होली त्योहार नहीं मनाने का निर्णय लिया है। इसके अलावा इस बीमारी से बचने गांव के शीतला मंदिर में जुड़वास भी दे रहे हैं।

गौरतलब हो कि मौसम बदलने के साथ वायरल बीमारी का प्रकोप बढ़ जाता है। बीते महीने भर से जोरातराई में चिकन पॉक्स के मरीज मिले हैं। प्रभावित मरीजों की उम्र 1 से 26 वर्ष तक हैं। चिकन पॉक्स अब जानलेवा बीमारी नहीं है लेकिन यह काफी पीड़ादायक रोग है। ज्यादातर लोग इसे माता का प्रकोप मानते हैं। इसकी शांति के लिए शीतला माता की शरण में जा रहे हैं। शीतला माता के मंदिर में पूजा-अर्चना कर नीम की टहनियां और हल्दी पानी लाकर पीड़ित बच्चों को स्नान करा रहे हैं।





### तेल का छौंक तक नहीं दे रहे पीड़ित परिवार

चेचक से पीड़ित द्रुर्वी (डेढ़ वर्ष), भावी (डेढ़ वर्ष), इशांत (6 वर्ष), बबली (10 वर्ष), जागृति (10 वर्ष), साहिल (16 वर्ष), चमेली (26 वर्ष) के परिजनों ने बताया कि माता का प्रकोप हो जाने के कारण उनके घरों में इन दिनों सादा भोजन बनाया जा रहा है। माता शीतला में हल्दी पानी चढ़ाकर बच्चों को नहला रहे हैं। बुजुर्गों की सलाह पर बिना तेल में छौंक दिए डबका भोजन तैयार किया जा रहा है। छोटी माता का प्रकोप एक बच्चे को कम से कम एक सप्ताह तक रहता है जिसके ठीक होने के बाद शरीर में निशान पड़ गये हैं।

### शांत करने डॉक्टरी व घरेलू उपाय जरुरी

ग्रामीण समाज के पदाधिकारी तेजराम साहू, यीशु साहू, पीलू साहू, हेमंत साहू, भानुराम ने बताया कि छोटी माता के प्रकोप के चलते पीड़ित को बुखार आता है। इसके दूसरे, तीसरे दिन शरीर पर दाने उभर आते हैं। ये दाने पूरे शरीर में फैल जाते हैं। पक जाते हैं, फिर धीरे-धीरे सूखकर पपड़ी के रूप में निकल जाते हैं। महीने भर से गांव में प्रकोप है। इसे शांत करने डॉक्टरी व घरेलू उपाय भी जारी है। ग्रामीण कार्यकारिणी की बैठक में प्रस्ताव पारित कर इस बार होलिका दहन नहीं करने व होली का त्योहार नहीं मनाने का निर्णय लिया है।

### अधंविश्वास से बचकर इलाज जरुरी : डॉ. प्रदीप

इस संदर्भ में डॉ प्रदीप साहू ने कहा है कि अंधविश्वास से बचें। पीड़ित बच्चे को तुरंत डॉक्टर के पास ले जाकर उसका इलाज कराएं। चूंकि यह संक्रामक रोग है, इसलिए संक्रमित बच्चे को अलग बिस्तर पर रखें तथा पूरी तरह आराम करने दें। बच्चे को उछलकूद न करने दें। बच्चे के शरीर में पानी की कमी न होने दें। जीवन रक्षक घोल पिलाते रहें।

### मगरलोड पुलिस ने 4 जरीकेन में 40 लीटर कच्ची शराब बरामद की

# महुआ शराब बेचते कमार युवक पकड़ाया

**धमतरी**। अवैध महुआ कच्ची शराब बनाकर बेचने वाले आरोपी के खिलाफ मगरलोड पुलिस ने कार्रवाई की है। आरोपी के पास से 10 लीटर वाली 4 जरीकेन में 40 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमत 6000 रूपये जब्त की गई है। पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय ने सभी थाना, चौकी प्रभारियों को अवैध शराब पर अंकुश लगाने के निर्देश दिए हैं।

इसी तारतम्य में मगरलोड पुलिस ने ग्राम बोदलबाहरा, हाथादहरा नाला के पास केवल कुमार कमार पिता चंदर सिंह कमार निवासी ग्राम बोदलबाहरा थाना मगरलोड जिला धमतरी उम्र 21 वर्ष को अवैध रूप से कच्ची महुआ शराब की बिक्री करते रंगेहाथ पकड़ा गया। उसके पास से 10 लीटर वाली 4 जरीकेन में 40 लीटर महुआ शराब कीमत 6000 रूपये जब्त की गई। युवक ने शराब रखने व बेचने के संबंध में कोई वैध दस्तावेज पेश नहीं किया।



मौके पर आरोपी के कब्जे से 40 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त की गई। धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर युवक को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी मगरलोड निरीक्षक राजेश जगत, प्रआर दीपक गौतम, गोविन्दा धृतलहरे, राकेश साहू, धर्मेन्द्र सोरी, नवीन टंडन, कीर्तन सोनकर, किशन सोनकर का विशेष योगदान रहा।


## पाठक सूचना

धमतरी जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

## खबर संक्षेप

### विप्र विद्वत परिषद का होली मिलन 26 को

**धमतरी।** विप्र विद्वत परिषद का होली मिलन कार्यक्रम 26 मार्च मंगलवार को दोपहर 12 बजे परिषद भवन में आयोजित किया गया है। फाग गीत के साथ होली मिलन कार्यक्रम सम्पन्न होगा। परिषद के अध्यक्ष पंडित अशोक कुमार शास्त्री ने परिषद के पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्यों से उपस्थिति की अपील की है। यह जानकारी परिषद के मीडिया प्रभारी पंडित राजकुमार तिवारी ने दी है।

### गोंड़ समाज का होली मिलन व शपथ ग्रहण 29 को

**अंवरी।** कुरुद गोंड़ समाज विकास समिति जिला धमतरी का होली मिलन एवं शपथ ग्रहण समारोह 29 मार्च को सुबह 11 बजे से आदिशक्ति मां अंगार मोती ट्रस्ट गंगरेल के सभाहाल परिसर में आयोजित किया गया है। जिले के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को जिला गोंड़ समाज के संरक्षक जीवराखनलाल मरई शपथ दिलाएंगे। सचिव उदय नेताम ने सामाजिक बंधुओं से उपस्थित होने की अपील की है।

### मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति गठित

**धमतरी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता गांधी ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति का गठन किया है। उक्त समिति में आंशिक संशोधन किया गया है। जारी आदेश के तहत समिति की अध्यक्ष कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी होंगी। समिति के सदस्य के तौर पर अपर कलेक्टर जी.आर.मराकम, ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर शब्बीर हुसैन, जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी उपेन्द्र चन्देल, पत्रकारगण सुभाष साहेब, मेघराज ठाकुर और सहायक सूचना अधिकारी, जिला जनसम्पर्क कार्यालय अमित कुमार नुणीवाल को समिति में सदस्य सचिव के तौर पर शामिल किया गया है।

### निगम आयुक्त ने किया फिल्टर प्लांट निरीक्षण

**धमतरी।** शहर के नागरिकों को गुणवत्ता पूर्ण पानी घर तक पहुंचाने निगम आयुक्त विनय कुमार प्रतिबद्ध है। उन्होंने 1 महीने में चौथी बार फिल्टर प्लांट का दौरा किया, जिसे वहां कार्य कर रहे कर्मचारी मुस्तैदी से कार्य कर रहें। वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण करने के दौरान निगम टीम भी साथ थी। फिल्टर प्लांट में उपकरण का बेहतर होना और इसमें उपयोग किए जाने वाली सामग्री पर्याप्त मात्र में समय से पहले उपलब्ध करने अधिकारियों को निर्देश दिया। साथ ही फिल्टर प्लांट में फिल्टर मीडिया की हो रही मरमत कार्य को देखा।

### परिक्षेत्र साहू समाज बानगर ने बनाया समर कैंप के लिए कार्ययोजना

**कुरूद।** कर्मचारी प्रकोष्ठ तहसील कुरुद के अध्यक्ष महेंद्र कुमार साहू एवं परिक्षेत्र साहू समाज बानगर के अध्यक्ष प्रेमचंद साहू व महासचिव कर्मचारी प्रकोष्ठ जिला धमतरी मनोज कुमार साहू के मार्गदर्शन में कर्मचारी प्रकोष्ठ बानगर में बैठक रखी गई। विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी निशुल्क शैक्षिक एवं कैरियर मार्गदर्शन शिविर आयोजन हेतु योजना बनाने के लिए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कातलबोड के बैठक में चर्चा की गई। उक्त बैठक में विभिन्न योजनाएं जैसे निशुल्क शैक्षिक एवं कैरियर मार्गदर्शन शिविर कक्षा नवमीं से प्रतियोगी परीक्षा के स्तर के विद्यार्थियों के लिए 01 से 31 मई तक आयोजित होगी । इसके साथ ही परिक्षेत्र साहू समाज बानगर के प्रत्येक ग्राम में दो चरणों में कक्षा पहली से कक्षा आठवीं तक के बच्चों के लिए विभिन्न गतिविधि आधारित समर कैंप का आयोजन होना है। जिसमें परिक्षेत्र के सभी 12 ग्रामों को 2 जोन में बांटकर दो चरणों में आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में छुपी प्रतिभा का प्रस्फुटन कराना है। साथ ही विभिन्न प्रतियोगी परीक्षा और नवमी से 12वीं कक्षा स्तर के बच्चों का शैक्षिक स्तर में वृद्धि करना है।

लाइन शिफ्टिंग का काम कम्पलीट, अब नहीं होगा बंद

# होली से पहले खुला बाईपास मार्ग

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

होली से पहले ही बाईपास मार्ग को पूरी तरह से खोल दिया गया है। दोनों ओर से बड़ी और छोटी गाड़ियों की आवाजाही शुरू हो गई है। हाईटेंशन तार को हटाने का काम कम्पलीट हो गया है। अब छोटे-छोटे काम बचे हैं। इन कामों के लिए बाईपास को बंद नहीं किया जाएगा।

बाईपास निर्माण का काम 8 साल बाद पूरा हुआ लेकिन बाईपास में दो स्थानों पर हाईटेंशन लाइन गुजरी हुई थी। हाईटेंशन तार की उंचाई कम होने के कारण निर्माण के बाद भी बाईपास मार्ग को पूरी तरह से नहीं खोला गया था। 23 दिन के परिश्रम के बाद हाईटेंशन तार की उंचाई बढ़ाई गई। रविवार को अंततः बाईपास मार्ग को पूरी तरह से खोला गया। लाइन शिफ्टिंग के चलते 22 दिनों तक बाईपास को पूरी तरह से बंद कर दिया गया था। शनिवार से ही ट्रैफिक पुलिस, एनएचएआई के अधिकारी बाईपास को खोलने लिए जुटे हुए थे।

दोनों ओर कई स्थानों पर मलबा, मुरूम डालकर बाईपास को बंद किया गया था। जेसीबी की मदद से मलबा को हटवाया गया। अब बाईपास पूरी तरह से खुल गया है। इसमें बड़ी-छोटी सभी गाड़ियां दौड़ने लगी हैं।





#### ट्रैफिक का दबाव होगा कम

जगदलपुर, बस्तर, उड़ीसा, आंध्रप्रदेश जाने के लिए एनएच-30 मुख्यमार्ग है जो शहर के बीच से गुजरा हुआ था। इससे शहर के भीतर ट्रैफिक की समस्या पैदा हो गई थी। बाईपास बनने के बाद भी इसे पूरी तरह से खोला नहीं गया था। इस मार्ग को एक साइड खोला गया था। लाइन शिफ्टिंग के दौरान बाईपास को पूरी तरह से बंद कर दिया गया था। उधर शहर के भीतर भी सड़क निर्माण का काम चल रहा है, जिसके चलते ट्रैफिक की समस्या बढ़ गई थी। अब बाईपास को खोलने के बाद शहर में ट्रैफिक का दबाव कम होने की उम्मीद है।

#### लाइन शिफ्टिंग में हुआ विलंब

बाईपास में हाईटेंशन लाइन शिफ्टिंग का काम 3 मार्च से शुरू किया गया था। काम पूरा करने के लिए 7 दिन का समय निर्धारित किया गया था। हाईटेंशन लाइन की उंचाई बढ़ाने के लिए टावर खड़ा करने का काम तो 5 दिन में कर लिया गया था लेकिन तार खींचने और लाइन चालू करने का काम नहीं हो पाया था। इसके लिए कई इलाकों की बिजली बंद की गई। तार खींचने का काम विलंब होने के कारण 23 दिन बाद बाईपास खुला।

#### अब नहीं होगा बंद

लाइन शिफ्टिंग के बाद बाईपास मार्ग को पूरी तरह से खोल दिया गया है। सड़क बंद करने के लिए डाले गए मलबों को हटाया जा रहा है। अब बाईपास बंद नहीं किया जाएगा। छोटे-छोटे काम बाकी है, जिसे बाईपास चालू रखकर ही पूरा किया जाएगा।

- मणिशंकर चंद्रा
ट्रैफिक डीएसपी

## 19 दंपतियों का हुआ सामूहिक विवाह दिवस संस्कार



- गायत्री परिवार ने किया आयोजन, गातापार के 13 एवं चिंवरी के 6 दंपति हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

जिले में गांव-गांव चलाए जा रहे पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ अभियान अंतर्गत कुरुद ब्लाक के ग्राम गातापार में वरिष्ठ आचार्य ओमप्रकाश द्वारा 13 दम्पतियों एवं चिंवरी में वरिष्ठ आचार्य परमानंद द्वारा 6 दम्पतियों का वैदिक रीति-रिवाज से सामूहिक विवाह दिवस संस्कार संपन्न कराया गया। जिला समन्वयक दिलीप नाग ने बताया कि गायत्री परिवार का यह आयोजन पति-पत्नी के आपसी संबंधों को और प्रगाढ़ बनाने, उनके गृहस्थ जीवन को सफल एवं सुखमय बनाने और जीवन भर सुख-दुख में साथ निभाने के संकल्पों को दोहराते हुए एक दूसरे के गले में वरमाला पहनाकर अग्निकुंड के सात फेरे लेने का वह भावुक क्षण जीवन के लिए यादगार बन जाता है।

इसके अतिरिक्त गातापार में 3 गर्भवती महिलाओं का पुंसवन संस्कार, चिंवरी में 10 पुंसवन संस्कार, दीक्षा संस्कार 24, एवं 2 विद्यारंभ संस्कार कराया गया। कार्यक्रम में श्रीमती साधना देवांगन प्रमुख प्रबंध ट्रस्टी कुरुद, बंशीलाल यदु ब्लाक समन्वयक, टेकराम इकाई प्रमुख, सोहद्रा तारक, रुक्मणी साहू, नंदकुमार साहू, सेवक साहू, हेमन्त यादव, परमानंद साहू सहित गायत्री परिवार के परिजन एवं ग्रामवासी शामिल हुए।

## स्कूली बच्चों ने चखा अंगूर नमकीन एवं लड्डू का स्वाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सांकरा

शासकीय माध्यमिक शाला रामपुर में न्योता भोज का आयोजन किया गया। अंगूर की व्यवस्था गोपालराम साहू प्रभारी प्रधानपाठक, नमकीन मिक्सचर की व्यवस्था कमललाल सार्वा शिक्षक, लड्डू की व्यवस्था कक्षा आठवीं की छात्रा नूतन, ओमिन, मेघा, गीतांजलि, वीणा एवं हेमलता द्वारा की गई थी। बच्चों ने एक दूसरे पर गुलाल लगाकर खुशियां बांटी। कार्यक्रम में शिक्षक सुरेश कुमार घृतलहरे, रोहित कुमार बघेल समेत अन्य उपस्थित थे।



## 72 पौवा शराब के साथ युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

बिरेझर चौकी एवं साइबर की संयुक्त टीम ने अवैध शराब बिक्री करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। चौकी प्रभारी बिरेझर को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम परसट्ठी में एक व्यक्ति शराब की अवैध बिक्री कर रहा है। सूचना पर बिरेझर पुलिस एवं साइबर की टीम परसट्ठी पहुंची और संदेही व्यक्ति को पकड़कर उससे पूछताछ की। युवक ने अपना नाम धनेश साहू पिता स्व. मंगलू साहू उम्र 53 निवासी परसट्ठी बताया। आरोपी के पास से एक सफेद रंग की प्लास्टिक बोरी में 39 पौवा देशी मशाला शराब, सफेद भूरे रंग के थैले में 33 पौवा अंग्रेजी ग्रांड कोलम्बिया व्हिस्की शराब कुल 72 पौवा कीमत 8250 रूपये एवं बिक्री रकम 1280 रुपये कुल 9530 रूपये जब्त किया गया। धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। इस कार्रवाई में साइबर प्रभारी निरीक्षक सनी दुबे, चौकी प्रभारी उनि चंद्रकांत साहू, सउनि दक्ष कुमार साहू, प्रआर लोकेश नेताम, आरक्षक दीपक साहू, योगेश नाग, मुकेश मिश्रा, मनोज साहू, गोपाल चंद्राकर सहित चौकी बिरेझर पुलिस का विशेष योगदान रहा।



## कंपनी ने दी मृत युवक के परिजनों को आर्थिक सहायता



हरिभूमि न्यूज ⏭ जीजामगांव

कुल्हाड़ी निवासी भोजराज साहू पिता बलराम साहू की 7 मार्च को कुरूद नेशनल हाईवे 30 में सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। विशाखापट्टनम भारतमाला की सौरभ सागा ट्रेडिंग कंपनी में वह सुपरवाइजर का काम करता था। कंपनी के चंद्रप्रकाश शर्मा ने उनके परिवारजनों को 2 लाख रूपये की आर्थिक सहायता प्रदान की। इस अवसर पर युवराज साहू सरपंच, नंदकुमार साहू ग्राम पटेल, सियाराम साहू, रामलाल साहू, सरजूराम साहू, कृष्ण कुमार कोटवार सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे। यह जानकारी मृतक के चाचा मोहनलाल साहू ने दी।

## हुड़दंगियों, असामाजिक तत्वों की अब खैर नहीं

- त्योहार एवं लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कुरुद पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

आगामी होली, ईद त्योहार एवं लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं डीएसपी के नेतृत्व में कुरुद पुलिस ने बाइक पेट्रोलिंग एवं फ्लैग मार्च निकाला। पैदल फ्लैग मार्च कुरूद के मुख्य चौक चौराहों से होते हुए वापस कुरूद थाना पहुंचा। फ्लैग मार्च में कुरुद थाना एवं पुलिस लाइन धमतरी के पुलिस अधिकारी व जवान शामिल थे।

आगामी होली, ईद त्योहार एवं लोकसभा चुनाव 2024 में आदर्श आचार संहिता के पालन करने सुरक्षा प्रबंध कड़े कर दिए गए हैं। जनता में विश्वास कायम करने और चुनावों को शांतिपूर्ण ढंग से कराने के उद्देश्य से फ्लैग मार्च निकाला गया है। पुलिस के इस फ्लैग मार्च से असामाजिक तत्वों में भय पैदा होगा और आम जनता के मन में पुलिस के प्रति विश्वास की भावना जागृत होगी। फ्लैग मार्च में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह, डीएसपी श्रीमती रागिनी मिश्रा, थाना प्रभारी कुरुद निरीक्षक अरुण साहू सहित पुलिस बलों की संयुक्त टीम रही।





## थाना प्रभारियों ने ली शांति समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

- अपराधियों और हुडदंगियों पर लगेगी लगाम

जिले के थाना व चौकी प्रभारियों ने शांति समिति की बैठक लेकर शांतिपूर्ण त्योहार मनाने व आदर्श आचार संहिता का पालन करने की समझाइश दी है। त्योहारों को लेकर किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोकने की तैयारियों के उद्देश्य से एसपी आंजनेय वार्ष्णेय के निर्देश पर जिले के सभी थाना व चौकी प्रभारियों ने अपने-अपने थाना क्षेत्र में शांति समितियों की बैठक ली। बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को ध्यान में रखते हुए आचार संहिता का पालन कर होली पर्व को आपसी भाईचारा एवं सौहार्द्रपूर्ण ढंग से मनाने के लिए कहा गया। इस दौरान बताया गया कि दोपहिया में तीन सवारी, तेज गाड़ी चलाने वाले बाइकर्स, शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। बैठक में कहा गया कि होली में नशीले पदार्थ का उपयोग न करें, किसी के ऊपर जबरन रंग न लगाएं, ग्रीस एवं कांचयुक्त रंगो का प्रयोग न करें, अश्लील हरकतों एवं शब्दों का उपयोग न करें, हुड़दंग, मारपीट, गाली गलौज, शोरशराबा से बचे। किसी भी प्रकार के ज्वलनशील पदार्थों का प्रयोग न करें। शहर व गांवों में वाहनों में तेज आवाज से म्यूजिक लगाकर हुड़दंग न करें। स्कूल कालेज की परीक्षाओं के चलते बिना अनुमति साउंड सिस्टम का उपयोग न करें। शांति समिति की बैठक में उपस्थित लोगों से कहा गया कि यातायात नियमों का पालन कर सुरक्षा में लगे सुरक्षाकर्मियों का सहयोग करें।



## सिटी बस चलाने के लिए चौथी बार टेंडर जारी

- जिले में 10 सिटी बस चलाने की योजना, लेकिन बस संचालन करने कोई सामने नहीं आ रहा
- कोरोनाकाल के पहले शहरी सार्वजनिक सोसायटी रायपुर द्वारा होता था संचालन

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

धमतरी जिला अर्बन पब्लिक सोसाइटी के माध्यम से जिले में सिटी बस चलाने की योजना प्रस्तावित है। इसके लिए टेंडर प्रक्रिया अपनाई जा रही है। इसके लिए तीन बार टेंडर जारी किया गया, लेकिन तीनों बार टेंडर लैप्स हो गया। अब चौथी बार टेंडर जारी किया गया है।

निगम आयुक्त विनय पोयाम ने बताया कि जिले के विभिन्न रूटों में 10 सिटी बस चलाने की योजना है, लेकिन बस संचालन करने कोई सामने नहीं आ रहा है। सभी टेंडर लेप्स हो गए, अब फिर से संचालक की खोज में टेंडर जारी किया गया है। यह प्रक्रिया आचार संहिता लगने के पूर्व जारी की गई है। संचालक मिलने पर सिटी बस चालू कर दी जाएगी। उनका कहना है कि जिला प्रशासन सिटी बस चलाने पूरी गंभीरता दिखा रहा है, लेकिन संचालक इसमें रूचि नहीं ले रहे हैं।



फाइल फोटो

विदित हो कि चार साल पहले जिले को 10 सिटी बसें मिली थीं जिसका संचालन शहरी सार्वजनिक सोसाइटी रायपुर द्वारा होता था। कोरानाकाल में यह सेवाएं स्थगित हो गई थीं। बसों को अर्जुनी स्थित डिपो में रखा गया। कुछ समय के बाद 6 बसें रायपुर भेजी गई। बची चार बसों की हालत भी कंडम हो गई। इसके बाद रिपेयरिंग के बहाने 3 बसें फिर रायपुर भेजी गईं।

एक बस कंडम हालत में अर्जुनी डिपो में खड़ी हुई है। लोगों की मांग पर शासन ने फिर से 10 नई सिटी बस धमतरी जिले को दी है। अब बस के संचालन के लिए संचालक खोजना जिला प्रशासन के लिए कड़ी चुनौती है। यदि सिटी बसें चलती हैं तो आसपास के गांवों के यात्रियों को काफी राहत मिलेगी। निजी वाहनों के मुकाबले किराया भी 30 से 40 प्रतिशत कम रहेगा।

सिटी बस का संचालन धमतरी से कंडेल, दोनर, खरेंगा, कोलियारी से बस स्टैंड, नगरी से दुगली, धमतरी से गंगरेल, रूद्री, धमतरी से कुरूद मेघा, धमतरी से गुंडरदेही, गट्टासिल्ली, मगरलोड आदि स्थानों पर होगा।

पूर्व में 10 जगहों पर स्टापेज बनाया गया था। इसके लिए निगम प्रशासन ने 5 लाख रूपए खर्च किए थे। शहर के बस स्टैंड, नहरनाका, सिहावा चौक, रत्नाबांधा, मुजगहन चौक, अर्जुनी चौक, नगर निगम स्कूल चौक, अंबेडकर चौक, बठेना चौक, मिशन मैदान के पास सर्वसुविधायुक्त बस स्टापेज बनाया गया है।



## सदर में निकलेगी सेठजी की बारात

**धमतरी।** होली त्योहार को अनोखे ढंग से सेलिब्रेट करते हुए सदर बाजार में सेठजी की बारात निकाली जाएगी जिसमें सदर बाजार के एक दम्पति सेठ और सेठानी बनकर सूटबूट में सदर बाजार का भ्रमण करेंगे और लोगों से आशीर्वाद लेंगे। सदरबाजार में उन्हें घरों में उपहार भी मिलेगा। रात में सदरबाजारवासी सामूहिक भोज भी करेंगे।

Pride of Dhamtari

आपके शहर धमतरी में
प्रख्यात चिकित्सकों द्वारा चिकित्सा परामर्श
ओ.पी.डी.
अगर आप ब्रेन, स्पाईन सर्जरी एवं हृदय रोग से सम्बंधित लक्षण व परेशान है तो अवश्य परामर्श लेवें



पंजीयन आवश्यक - 9424942992
कृपया पुरानी रिपोर्ट साथ लावें
स्थान : क्रिश्चन हॉस्पिटल, बस स्टैण्ड के सामने, धमतरी
डॉ. अक्षय बैद
MS, Mch, Neurosurgeon
ब्रेन सर्जरी विशेषज्ञ
29 मार्च 2024 शुक्रवार

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 83058-71196, कुरुद - 98268-82770, नगरी -77488-10431,
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-238756



# जल ही जीवन है

## पर्यावरण सुरक्षा अपने हाथ की बात...

उड़ा है गुलाल
भर लो अपनी झोली
राधा के संग खेले
कान्हा प्यारी से होली




## जीवन में जल का है विशेष महत्व

पृथ्वी पर जीवन के अस्तित्व को बनाए रखने के लिए पानी बचाना और पानी का संरक्षण बहुत आवश्यक है क्योंकि पानी के बिना कोई भी जीवन संभव नहीं है। जल पृथ्वी पर जीवन चक्र की निरंतरता में मदद करता है क्योंकि पृथ्वी जल और जीवन के लिए एकमात्र ज्ञात ग्रह है। जीवन पर पानी की आवश्यकता है और इसे बचाना हमारी जिम्मेदारी बन जाती है। इसलिए पानी को बर्बादी से बचाना हमारा कर्तव्य बन जाता है। हम सभीा को इसके लिए हाथ मिलाना चाहिए और इसकी एक बूंद भी बर्बाद किए बिना पानी बचाना चाहिए। एक सच्ची कहावत है कि हर किसी का एक छोटा सा प्रयास एक बड़ा परिणाम दे सकता है जैसे कि पानी की कई बूंदें तालाब, नदी और समुद्र जैसे विशाल जल संसाधन बनाती है। तो आइये इसे बर्बाद किए बिना पानी की हर बूंद को बचाना है।



**मुकेश पाण्डेय**
जिला संयोजक
कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन धमतरी

## जल का संचय करें

वर्तमान परिदृश्य में यदि हम देखें तो आम आदमी की महती आवश्यकताओं में जल का स्थान सर्वोच्च रूप में दिखाई देता है, देश और प्रदेश की स्थितियों का आंकलन आम आदमी जल की उपयोगिता को समझ पा रहे है, पानी मनुष्य की पैदाईश से लेकर मृत्यु तक उसके जीवन में अहम भूमिका निभाता है, फिर भी उसकी उपयोगिता के संबंध में उसकी उपेक्षापूर्ण व्यवहार के कारण आज चारों तरफ पानी की कमी का अहसास दिखाई देने लगा है, यदि इसी प्रकार की स्थिति लम्बे समय तक रहती है तो निश्चित ही आने वाले समय में पानी के लिए ही युद्ध हुआ करेंगे। नगरवासियों को पानी के संचय के लिए अपने-अपने घरों में हार्वेस्टिंग सिस्टम का उपयोग करना चाहिए, जिससे छत के ऊपर का पानी धीरे-धीरे जमीन के अंदर चले जाए जिससे जल सतह बना रहे।



**सुरेश गोयल**
सी.ए. एवं समाजसेवी धमतरी

## खुशहाली के लिए जल का संचय जरूरी

पानी आम जन की सबसे जरूरतमंद चीज है इसे सभी को बिल्कुल उपलब्ध होना चाहिए, पानी न होने से सभी का जीना मुश्किल हो जायेगा. यह विकराल समस्या है, इसे दूर करना चाहिए, बिना पानी सब सून कहावत का चरितार्थ गर्मी में होता है क्योंकि गर्मी में पानी की कमी होती है, पानी को स्टोर करके रखना चाहिए, बच्चों द्वारा पानी का खर्च कम हो इसके लिए उन्हें पानी बचाने के उपाय बताना चाहिए। महिलाएं सबसे ज्यादा पानी खर्च करती है उन्हें पानी बचाने के उपयों की जानकारी देनी चाहिए, मैं रोज प्रयास करता हूं कि ज्यादा पानी की बचत हो, पानी को संचय करने के लिए गढ़ों का निर्माण करें।



**हरख जैन (पप्पू)**
भखारा - भठेली

## पानी को हम बचाएंगे-देश में खुशहाली लाएंगे

जीवन एवं सृष्टि का प्रारम्भ ही जल है, वर्तमान स्थिति में मेरी राय में वह स्थिति है कि यदि जागरूक होकर सावधानीपूर्वक जल स्त्रोतों का उपयोग करें तो भविष्य की विकराल स्थिति से बचा जा सकता है, सघन वृक्षारोपण एवं रोपित वृक्षों को संरक्षित कर उपवन में परिवर्तित करने में यदि हम सफल होते तभी वृक्षारोपण जलवायु को प्रभावित कर वर्षा कराने में सहायक होगी, छोटे-बड़े नालों में स्टॉपडेम निर्माण जल संग्रहण कर भूजल स्तर को बढ़ाने में सहायक होगी, रहवासी क्षेत्र चाहे वह ग्रामीण क्षेत्र हो अथवा शहरी क्षेत्र गलियॉ में किये जाने वाला कांक्रीटीकरण भूजल स्तर को प्रभावित करता है। अतः गलियों में प्रीकास्ट सीमेंट ब्लॉक से इंटरलाकिंग कर बरसाती पानी को जमीन में रिसने का अवसर प्रदान करें, पुराने तालाबों को साफ करने से भी भूजल स्तर बढ़ाया जा सकता है।



**श्यामा नरेश साहू**
पूर्व जिला पंचायत सदस्य धमतरी



जिसे अब तक ना
समझे वो कहानी हूं मैं,
मुझे बर्बाद मत करों
**पानी** हूं मैं

"बिना जल होय नहीं, कोई सा भी काम
इसे साफ रखने हेतु उपाएं करें तमाम
अगर मिले नहीं जल तो जीवन है बेकार
इसे बचाने के लिये चलो रहे हम तैयार
सच कहें तो जल बना जीवन की पहचान
व्यर्थ बाहकर न करें अब इसका नुकसान।"

**विश्व जल दिवस**
**एवं होली पर्व की**
**हार्दिक शुभकामनाएं**

## जल है तो कल है...

पानी आम जन-जीवन की सबसे जरूरतमंद चीज है, आज जनजीवन को उपलब्ध होना चाहिए, मानव शरीर का 75 प्रतिशत भाग जल ही है पर्याप्त जल के बिना शरीर में रक्त प्रवाहित नहीं हो सकता, मनुष्य एक दिन भी पानी के बिना नहीं रह सकता, जिन ग्रहों में पानी नहीं है वहां जीवन नहीं है, पानी अमूल्य है और इसका न होना या कम होना विकराल समस्या है, पानी की खपत करने के लिए व्यक्तिगत स्तर पर सभी को प्रयास करना चाहिए, प्रत्येक व्यक्ति का कर्त्तव्य बनता है कि घरों में उपयोग कम से कम करें, बच्चे नासमझ होते है, उन्हें सिखाना बड़ों का कर्त्तव्य है, बच्चों द्वारा पानी के दुरूपयोग के लिए पालक दोषी है, उन्हे ऐसी शिक्षा देना चाहिए कि पानी की बचत बचपन से ही करें।



**दीपक गजेन्द्र**
पार्षद जोधापुर वार्ड धमतरी



**दमयंतीन गजेन्द्र**
पूर्व पार्षद जोधापुर वार्ड धमतरी

## साफ पानी का संरक्षण जरूरी

पानी धरती पर रहने वाले सभी प्राणियों के लिए माँ प्रकृति का एक अनमोल उपहार है। हम सभी अपने जीवन में पानी के महत्व को समझते हैं और पानी के बिना जीवन की कल्पना नहीं कर सकते। पृथ्वी पर हर चीज को पानी की जरूरत होती है जैसे इंसान, जानवर, पेड़, पौधे, कीड़े और अन्य जीवित चीजें। वर्षा और वाष्पीकरण की प्रक्रिया के माध्यम से पृथ्वी पर पानी का संतुलन बनाए रखा जाता है। पृथ्वी की तीन चौथाई सतह पानी से ढकी है, हालांकि इसमें स्वच्छ जल का प्रतिशत बहुत कम है जो मानव उपयोग के लिए उपयुक्त है तो, समस्या साफ पानी की कमी से है और अगर साफ पानी की मात्रा कम हो जाती है तो यह भविष्य में बड़े मुद्दे पैदा कर सकता है।



**प्रकाश पवार**
पूर्व युकां नेता धमतरी



**रौशनी पवार**
जनपद सदस्य धमतरी

## जल हमारे जीवन में अहम भूमिका निभाता हैं

पानी हम सभी प्राणियों के जीवन में एक अहम भूमिका निभाता हैं। आज मनुष्य जल को लेकर बहुत लापरवाह हैं मनुष्य को अपने अलावा किसी और की कोई फिक्र नहीं होती हैं। हमने जितनी भी नयी नयी खोजे की हैं, नये नये आविष्कार किये हैं उससे भी कई ज्यादा हमने अपने संसाधनों का बुरी तरह से दुरुपयोग भी किया है और इससे केवल हमारी ही हानि नहीं हुई है बल्कि जितने भी जीव जंतु इस पृथ्वी पर निवास कर रहे हैं। सभी के अस्तित्व को हमने अपने लोभ के लिये विलुप्तिकरण की ओर पहुंचा दिया हैं। अभी वक्त है जल को बचाया जाये जिससे जल की समस्या का समाधान हो सके।



**महावीर चोपड़ा**
धमतरी

## जल का व्यर्थ उपयोग करने पर रोकथाम जरूरी

पानी मानवता को प्रकृति द्वारा दिए गए सबसे अनमोल उपहारों में से एक है। पृथ्वी पर जीवन केवल पानी के कारण ही संभव है। पृथ्वी की तीन चौथाई सतह पानी से आच्छादित है, लेकिन फिर भी लोग भारत और अन्य देशों के कई क्षेत्रों में पानी की कमी से पीड़ित हैं। पानी की कमी के कारण विभिन्न क्षेत्रों में लोगों के सामने आने वाली कठिनाईयों ने हमें पर्यावरण की रक्षा, जीवन को बचाने और दुनिया को बचाने के लिए जल संरक्षण और संरक्षण करना सिखाया। पृथ्वी पर जीवन के लिए पानी सबसे आवश्यक स्त्रोत है क्योंकि हमें पानी, खाना पकाने, नहाने, कपड़े धोने, कृषि आदि जैसी हर गतिविधि में पानी की आवश्यकता होती है।



**अजय गोयल**
अध्यक्ष - रोटरी क्लब धमतरी

## पानी का दुरूपयोग न करें...

वर्तमान परिदृश्य में यदि हम देखें तो आम आदमी की महती आवश्यकताओं में जल का स्थान सर्वोच्च रूप में दिखार्दय देता है, देश और प्रदेश की स्थितियों का आंकलन आम आदमी जल की उपयोगिता को समझ पा रहे है, पानी मनुष्य की पैदाईश से लेकर मृत्यु तक उसके जीवन में अहम भूमिका निभाता है, फिर भी उसकी उपयोगिता के संबंध में उसकी उपेक्षापूर्ण व्यवहार के कारण आज चारों तरफ पानी की कमी का अहसास दिखाई देने लगा है, यदि इसी प्रकार की स्थिति लम्बे समय तक रहती है तो निश्चित ही आने वाल समय में पानी के लिए ही युद्ध हुआ करेंगे, नगरवासियों को पानी के संचय के लिए अपने-अपने घरों में हार्वेस्टिंग सिस्टम का उपयोग करना चाहिए।



**आर. एन. ध्रुव**
प्रदेश अध्यक्ष
अजजा शास.सेवक विकास संघ छग

## पानी संचय के लिए जागरूकता जरूरी

पानी के संचय के लिए लोगों में जागरूकता बहुत जरूरी है, हर वर्ग के लोगों को पानी के दुरूपयोग को रोकने हेतु हर संभव प्रयास करना चाहिए, जब भी कोई पानी का उपयोग करता है तो उसे सोचना चाहिए कि कहीं पानी का दुरूपयोग तो नही हो रहा है, अगर जन सामान्य इस पर गंभीरता से विचार नहीं करेगा तो आने वाले समय में सरकारी तंत्र के प्रवास ही समस्या को दूर करने में काफी नहीं होगा, यह एक जन समस्या है। अतः इसे दूर करने में जन भागीदारी की जरूरत सबसे ज्यादा है, पानी बचाने के लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग होना चाहिए, घरों में उपयोग कम करना चाहिए, जंगलों को नष्ट होने से बचाना चाहिए, वृक्षों के जड़ों के सहारे पानी जमीन में जाकर संचित होता है, लोगों की मानसिकता है ताजा पानी, लोग दूसरे दिन पहले दिन के बचे पानी को फेंके ना इसे संचित कर के रखें।



**प्रकाश सिन्हा**
पार्षद
मकेश्वर वार्ड, धमतरी

## खबर संक्षेप

### रावनगुड़ा स्कूल में बच्चों ने खेली होली

**सिर्री।** शासकीय प्राथमिक शाला रावनगुड़ा में हर्षोल्लास के साथ होली मनाई गई। छात्र- छात्राओं ने एक दूसरे पर रंग लगाकर होली त्योहार की खुशियां बांटी। इस अवसर पर प्रधानपाठिका सुश्री सोहद्रा तारक, डुमन लाल बंजारे, रुसेंद्र तारक, रसोइया बृजबाई लहरे, मैना बाई साहू, भृत्य हीराराम समेत अन्य मौजूद थे।

### घठुला स्कूल में हुआ न्योता भोज का आयोजन

**नगरी।** शासकीय माध्यमिक शाला घठुला में 88 बच्चों के लिए न्योता भोज का आयोजन मोनू साहू द्वारा किया गया। प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के अंतर्गत बच्चों ने पूरक पोषण आहार के तौर पर खीर, पूड़ी का आनंद लिया। पोषण आहार पाकर बच्चे खुश नजर आए। इस अवसर पर संस्था प्रभारी नरेश कौशल, श्रीमती रुक्मणी साहू, शिक्षक मनोज पटेल, शिक्षक अब्दुल अज़ीज मेमन, समन्वयक संजय रेड्डी उपस्थित थे।

### स्कूली बच्चों को केला-अंगूर बांट

**बगदेही(धमतरी)।** प्राथमिक शासकीय एवं माध्यमिक शाला चोरभट्ठी में नरेन्द्र ने अपने पुत्र यश के जन्मदिन पर बच्चों को केला एवं अंगूर का वितरण किया। बच्चों इसका आनंद उठाया। इस दौरान स्कूल स्टाफ सहित पालकगण उपस्थित थे।

### पालकों ने कराया न्योता भोजन

**सिर्री।** शासकीय माध्यमिक शाला अटंग में शासन की योजना के तहत शुक्रवार को न्योता भोजन का आयोजन किया गया। स्कूलों में बच्चों को पौष्टिक भोजन देने और उसके प्रति रुचि बढ़ाने स्कूलों में न्योता भोज कराया जा रहा है। माध्यमिक शाला अटंग में पालक विनीता राजेश साहू, कविता धूषण साहू और डोमेश्वरी लिम्मन साहू ने बच्चों को खीर, पूड़ी परोसकर न्योता भोजन खिलाया।

### छग सिक्ख संगठन की संगत तीर्थयात्रा पर महाराष्ट्र रवाना

**धमतरी।** छग सिक्ख संगठन रायपुर द्वारा छत्तीसगढ़ की संगत को निःशुल्क श्री सचखंड हूजूर साहेब नादेड़ साहेब महाराष्ट्र की तीर्थयात्रा कराई जा रही है। 23 मार्च को बस धमतरी से राजनांदगांव के लिए रवाना हुई। बस को सरदार हरमिंदर सिंघ छाबड़ा, हरजीत सिंघ खालसा, ममता खालसा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। छग सिक्ख संगठन की जिला विंग जसवंत ममता खालसा कौर ने बताया कि राजनांदगांव गुरुद्वारे में लंगर की व्यवस्था की गई है।

पुलिस अधीक्षक ने रूद्री थाना का किया वार्षिक निरीक्षण

# अपराध पर नियंत्रण के लिए पुलिस सदैव सतर्क रहे : आंजनेय वार्ष्णेय

- पुलिस कर्मियों की देखी वेशभूषा एवं परेड, उत्कृष्ट कर्मचारी हुए पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय ने रूद्री थाना का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों की परेड देखी एवं अच्छी परेड कराने वाले एवं उत्तम वेशभूषा में पाये जाने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को पुरस्कृत भी किया। अपने स्वास्थ्य के प्रति ध्यान देने के लिए भी निर्देशित किया। इस दौरान दौरान पुलिस अधीक्षक ने परिसर की साफ-सफाई एवं थाना परिसर की सुंदरता बढ़ाने पौधे लगाने के सुझाव भी दिए। बाहर में रखे जब्ती मॉल का भी निरीक्षण किया। उनके शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए।

इसके बाद में एसपी ने थाना प्रभारी रूद्री, डीएसपी विंकेश्वरी पिंदे से थाने में दर्ज विभिन्न गंभीर अपराधों की जानकारी ली। पेंडिंग अपराधों, शिकायत, मर्ग एवं लंबित अपराधों की पेंडिंग सूची एवं रजिस्टर का अवलोकन किया। लंबित शिकायत, लंबित अपराध, लंबित मर्ग, लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण करने के सख्त निर्देश दिये गए। केस डायरी को प्रत्येक विवेचक को अध्ययन करने तथा अपराध पर नियंत्रण के लिए पुलिस टीम को सतर्क रहकर मुस्तैदी से कार्य करने के निर्देश भी दिए।

इसी प्रकार आवश्यक पंजी, रजिस्टर रोजनामचा, केस डायरी, प्रथम सूचना पत्र, अपराध रजिस्टर, ग्राम अपराध पुस्तिका, एमएलसी रजिस्टर, निरीक्षण पुस्तिका, कर्तव्य पंजी का अवलोकन कर उसमें पाई गई कमियों को पूरा करने संबंधित को निर्देश दिए। मालखाना में जाकर जब्त सामग्री का बारीकी से निरीक्षण कर इसके रखरखाव पर विशेष ध्यान रखने की हिदायत दी। पुलिस अधीक्षक ने थाने के कंप्यूटर, मालखाना, पुरुष हवालात, महिला हवालात व थाना परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने थाना परिसर में साफ- सफाई का भी अवलोकन किया। इसके साथ ही न्यायालय से जुड़े मामलों का त्वरित निष्पादन करने, महिला एवं बालक बालिकाओं से संबंधित तथा हत्या और अन्य मामलों में शीघ्र गिरफ्तारी करने के निर्देश दिए। आगे कहा कि थाने में आने वाले फरियादियों को सम्मानपूर्वक बिठाकर उनकी समस्याओं, शिकायतों का निराकरण करने के निर्देश दिए। थाने में रखे हथियारों का भी निरीक्षण किया। माह के दो दिन सभी अधिकारी-कर्मचारियों को हथियार के खोलने, जोड़ने के अभ्यास एवं उनके बारे में जानकारी देने निर्देशित किया गया। एसपी ने आगे कहा कि किसी भी प्रकार की विभागीय या व्यक्तिगत समस्या है तो वे उनसे बेझिझक बता सकते हैं। इस अवसर थाना प्रभारी, डीएसपी विंकेश्वरी पिंदे, सउनि उमेश शुक्ला, भीष्म अवस्थी, सउनि दिनेश चंदेल एवं थाना रूद्री के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## रोटरी-इनरव्हील क्लब ने मनाई फूलों की होली






हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

रोटरी व इनरव्हील क्लब द्वारा होली मिलन का कार्यक्रम रोटेरियन डॉक्टर सुमित गुप्ता के फार्म हाउस में आयोजित किया गया। रोटरी अध्यक्ष अजय गोयल एवं इनरव्हील क्लब अध्यक्ष श्रीमती पायल गोयल ने क्लब सदस्यों को होली की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में क्लब सदस्यों के मनोरंजन हेतु बैलून गेम, अंताक्षरी हाउसी एवं फूलों की होली का आयोजन किया गया जिसका सभी सदस्यों ने भरपूर आनंद उठाया। इस आयोजन में प्रोग्राम डायरेक्टर रोटरी क्लब के रोटेरियन अजीत खंडेलवाल एवं राकेश झंवर व इनरव्हील क्लब से ममता खंडेलवाल व एकता झंवर का योगदान रहा। आभार प्रदर्शन क्लब सचिव रोटे. आशीष गोयल ने किया।

## मतदाता जागरुकता की दिलाई शपथ

**धमतरी।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत जिले में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में होली त्योहार के साथ लोग चुनाव पर्व भी मना रहे हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता गांधी के निर्देश और सीईओ जिला पंचायत तथा स्वीप जिला नोडल अधिकारी रोमा श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में होली मिलन कार्यक्रम के साथ ही मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान महाविद्यालयों में जहां विद्यार्थियों ने मतदान की शपथ ली वहीं स्वीप कोर कमिटी सदस्य जानकी गुप्ता द्वारा शिव शक्ति महिला समाज सेवीसंस्था, ऑल इंडिया लीनेस क्लब, छत्तीसगढ़ महतारी संस्था के सदस्यों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई। इसके अलावा महिला स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने भी रैली निकालकर मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया।



## साहू समाज ने मनाया होली मिलन समारोह

- मड़ेली में 5 अप्रैल को कर्मा जयंती मनाने का निर्णय लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव



ग्राम मड़ेली में साहू समाज द्वारा होली मिलन समारोह रखा गया। इस दौरान समाजजनों ने 5 अप्रैल शुक्रवार को कर्मा जयंती मनाने का निर्णय लिया। मौके पर संतराम साहू संरक्षक, ठाकुरराम साहू अध्यक्ष, रामगुलाल साहू उपाध्यक्ष, शेखर साहू कोषाध्यक्ष, रुक्मणी साहू उपाध्यक्ष, यशवंत साहू, दिनेश साहू, पार प्रमुख टेमन साहू, शेर सिंह साहू, शत्रुघन साहू, पीतांबर साहू, डेरहा साहू, माखन साहू, नवली साहू, नंदू साहू, आनंद साहू, गांधी साहू, घनश्याम साहू, पंचराम साहू, लोकेश्वर सोन, टीकम साहू, बालाराम, जयनारायण साहू, सुदामा साहू, गैंदराम साहू, पुरानिक साहू, दूजराम साहू उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शेखर साहू ने किया।

## बेन्द्रा नवागांव स्कूल में मना होली त्योहार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला बेन्द्रा नवागांव में होली का त्योहार बड़ी धूमधाम से मनाया गया। प्राथमिक शाला की प्रधानपाठिका ममता खालसा ने बताया कि होली हिदुओं का प्रमुख त्योहार है। होली एक दूसरे पर रंग लगाकर आपसी वैमनस्यता को भूल जाने का पर्व है। इस पर्व पर गिले शिकवे भुलाकर देश में अमन चैन, भाईचारे की भावना प्रबल होती है। होलिका दहन बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व है। बच्चों को होली पर्व के इतिहास के बारे में बताया। पानी का दुरूपयोग न करके बच्चे एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली के सांग पर थिरकते रहे। मौके पर गौरी गुप्ता, हेमलता साहू, उमेश्वरी साहू, गायत्री साहू, विद्या सोनी समेत शाला के बच्चे उपस्थित थे।




## होली त्योहार के पूर्व मिला मनरेगा कर्मियों को वेतन

**धमतरी।** डिप्टी सीएम विजय शर्मा की पहल से होली पर्व के पूर्व मनरेगा कर्मियों को वेतन मिला। इसके लिए महासंघ ने उपमुख्यमंत्री का आभार जताया। प्रदेश में 12500 मनरेगा कर्मियों को फरवरी माह तक शत प्रतिशत वेतन भुगतान होली पर्व के पूर्व किया गया। इससे पहले छत्तीसगढ़ मनरेगा कर्मचारी महासंघ के प्रांतीय पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और डिप्टी सीएम एवं पंचायत मंत्री विजय शर्मा से वेतन दिलाने का आग्रह किया था।

डिप्टी सीएम ने कर्मचारियों को त्वरित मानदेय जारी करने विभाग को निर्देशित किया था। इसी तारतम्य में प्रमुख सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग एवं मनरेगा आयुक्त ने भारत सरकार से समन्वय कर प्रदेश के मनरेगा कर्मचारियों को त्योहार के पहले वेतन का भुगतान कर दिया गया। महासंघ के प्रांताध्यक्ष अजय क्षत्री ने होली पूर्व वेतन जारी करने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का आभार व्यक्त किया है।










